भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 571
उत्तर देने की तारीख 3 दिसंबर, 2025

भारतनेट चरण-III

571. श्री अरुण भारतीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतनेट चरण-III (सितंबर 2024 में शुरू) की वर्तमान स्थिति क्या है, इसका कुल परिव्यय क्या है और इसके पूरा होने की समय-सीमा क्या है;
(ख) बिहार में, विशेषकर जमुई जिले में, कितनी ग्राम पंचायतों में कार्यशील, उच्च गति वाले भारतनेट कनेक्शन हैं;
(ग) घरेलू ब्रॉडबैंड प्रदान करने के लिए बिहार में शामिल किए गए अंतिम-छोर तक सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) और ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) की कुल संख्या कितनी है;
(घ) जमुई जिले में प्रशिक्षित और प्रमाणित भारतनेट उद्यमियों की संख्या कितनी है; और
(ङ) नेटवर्क डाउनटाइम को दूर करने और पहले से बिछाए गए फाइबर के संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) भारतनेट परियोजना को देश भर में मांग के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और ग्राम पंचायतों (जीपी) के अलावा गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (भारतनेट चरण - III) के लिए अनुमोदित अनुमानित परिव्यय 1,39,579 करोड़ रुपये है और परियोजना के निर्माण कार्य को पूरा करने की समय-सीमा परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के साथ करार पर हस्ताक्षर करने से 36 महीने है। तेरह राज्यों और पांच संघ राज्य क्षेत्रों के लिए बारह पैकेजों के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ख) बिहार में कुल 3375 ग्राम पंचायतों (जीपी), जिसमें विशेष रूप से जमुई जिले की 109 जीपी शामिल हैं, में कार्यात्मक उच्च गति वाले भारतनेट कनेक्शन उपलब्ध हैं।

(ग) और (घ) भारतनेट नेटवर्क का उपयोग करके एफटीटीएच कनेक्शन प्रदान करने के लिए बिहार में लगभग 396 भारतनेट उद्यमियों (बीएनयू) को ऑनबोर्ड किया गया है। बीएनयू ग्राम स्तरीय उद्यमी, इंटरनेट सेवा प्रदाता, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) आदि हो सकता है। जमुई जिले में बीएसएनएल द्वारा छह भारतनेट उद्यमियों को प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है।

(ड.) संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत, नेटवर्क डाउनटाइम का समाधान करने और पहले से बिछाए गए फाइबर प्रचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम शामिल किए गए हैं:

(i) रिंग आर्किटेक्चर में भारतनेट नेटवर्क का सृजन और उन्नयन

(ii) सेवा स्तरीय करार (एसएलए) के आधार पर संपूर्ण नेटवर्क का प्रचालन और रखरखाव

(iii) पैकेज में नेटवर्क के निर्माण और ओ एंड एम के लिए एकल परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए)

(iv) समर्पित नेटवर्क संचालन केंद्र

*****